

समस्याओं से जूझती मुंबई इंडियंस

मुंबई इंडियंस पहले ही काफी परेशानियों से घिरी हुई है। आईपीएल की सबसे सफल और मजबूत टीम के साथ ऐसा क्या हो रहा है जो इस बार जीता का खाता नहीं खोल पाई। कप्तान रोहित शर्मा भी इस बात से बेहद खफा नजर आ रहे हैं। मैच के दौरान स्लो ओवर रेट के चलते कप्तान रोहित शर्मा समेत टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगाया गया है। सीजन में यह दूसरी बार हुआ है जब मुंबई ने तय समय के अनुसार ओवर डालने में देरी करी है जिस वजह से कप्तान रोहित शर्मा पर 24 लाख और टीम के बाकी खिलाड़ियों पर 6 लाख या 25 प्रतिशत मैच फीस जो कम हो उसका जुर्माना लगाया गया है।

## रोहित शर्मा ने दोहराई ये गलती तो लग सकता है बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल के शुरूआत से ही मुंबई इंडियंस हमेशा सितारों से लबरेज रही। इस टीम ने सबसे ज्यादा आईपीएल के 5 खिताब भी जीते। मगर इस बार आईपीएल 2022 सीजन में मुंबई इंडियंस एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है। टीम ने अब तक 5 मुकाबले खेले हैं और पांचों मुकाबलों में पटखनी खानी पड़ी है। कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला भी इस बार खामोश है। अब तक वो बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाए हैं। एक तरफ टीम हार से परेशान है तो दूसरी ओर स्लो ओवर से। मुंबई की टीम पर दो बार जुर्माना लग चुका है। अगर अब सीजन में एक बार मुंबई ये गलती करती है तो बड़ा खामियाजा उठाना पड़ सकता है। यहां पर हम आपको बताते हैं कि क्या कहता है स्लो ओवर रेट का नियम। स्लो ओवर ओवर रेट के नियमों के अनुसार अगर टीम पहली बार गलती करने पर कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगता है। दूसरी बार गलती करने पर कप्तान पर 24 लाख और प्लेइंग 11 में शामिल खिलाड़ियों पर 6 लाख रुपये या मैच फीस का 25 फीसदी (जो भी कम हो) का जुर्माना लगता है।

# अब अमेरिका की तरफ से टी–20 वर्ल्डकप खेल सकते हैं उन्मुक्त चंद

क्रिकेट

## उन्मुक्त चंद ने 28 साल की उम्र में बीसीसीआई से संन्यास ले लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत को अंडर–19 वर्ल्डकप जिताने वाले उन्मुक्त चंद ने 28 साल की उम्र में बीसीसीआई से संन्यास ले लिया। उन्मुक्त चंद ने जब संन्यास लिया क्रिकेट फैंस चौंक गए। लेकिन उनको महसूस हो गया था कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना का सपना उनका पूरा नहीं होगा। इसलिए उन्होंने संन्यास लेकर अमेरिका का रुख किया। वहां से वो लीग क्रिकेट खेलने लगे। चंद ने अमेरिका में माइनर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के 2021 सत्र के लिए सिलिकॉन वैली स्ट्राइकर्स के साथ करार किया था। अब इन सबके बीच खबर ये आ रही है कि वो भारत के ही खिलाफ खेल सकते हैं।



**भारतीय क्रिकेट से संन्यासः** उन्मुक्त चंद ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। उन्मुक्त टोयोटा माइनर लीग क्रिकेट चैंपियनशिप के दौरान मोर्गन हिल आउटडोर खेल परिसर में स्ट्राइकर्स के लिए सोशल लैशिंग्स के खिलाफ पदार्पण किया। अब इस बार का टी–20 वर्ल्डकप यूएस और वेस्टइंडीज में होने जा रहा है। नियम के मुताबिक जो भी मेजबान देश होता है उसकी टीम ऑटोमेटिक क्वालीफाई कर जाती है। इस लिहाज से यूएस की टीम ऑलरेडी विश्वकप में वीवीआईपी एंट्री पा गई है। अब सवाल ये उठता है कि क्या उन्मुक्त चंद अमेरिका के लिए खेलेंगे।

**क्या नागरिकता लेनी पड़ेगी?:** इस सवाल को लेकर जेहन में कई सवाल दौड़ रहे थे। मतलब ये कि क्या उन्मुक्त चंद को अमेरिका की नागरिकता लेनी पड़ेगी। भारत की नागरिकता छोड़नी पड़ेगी। लीग की वेबसाइट के अनुसार अमेरिका में खेल के विकास में मदद के लिए उन्मुक्त ने मेजर लीग क्रिकेट के साथ कई साल का अनुबंध किया है। वह लीग में खेलने के अलावा अमेरिका के अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे। अगर ऐसा हुआ तो आप भारतीय टीम के सामने उन्मुक्त चंद को खेलता हुआ देख सकते हैं। ये उनके लिए बहुत भावुक पल होगा।

**क्या कहता है नियम?:** नियम के मुताबिक अगर उन्मुक्त चंद अमेरिका की सदस्यता ले सकते हैं या फिर आप एनआरआई बनकर अमेरिका के लिए खेल सकते हैं। एक सवाल और ये था कि क्या बीसीसीआई से इसके लिए परमिशन लेनी पड़ेगी। उन्मुक्त चंद बीसीसीआई के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए बीसीसीआई से उनको कोई दिक्कत नहीं होगी। भारत की ओर से भी उनको किसी भी प्रकार से कोई दिक्कत होने की संभावना नहीं है।

# मैच के बाद सचिन तेंदुलकर के पैर छूने लगे जॉन्टी रोड्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सीजन में मुंबई इंडियंस के दिन अच्छे दिन नहीं आए हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली ये टीम इस सीजन की पहली जीत के लिए तरस रही है। मुंबई इंडियंस टीम के साथ जुड़े सचिन तेंदुलकर ड्रेसिंग रूम से लेकर डग आउट तक खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देते हुए नजर आते हैं। मैच के दौरान भी सचिन जूनियर से लेकर सीनियर खिलाड़ियों को टिप्स देते रहते हैं। बुधवार को मुंबई और पंजाब वाले मुकाबले में कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला जिससे पूरा स्टेडियम न केवल हंस पड़ा बल्कि तालियां भी बजाई।

**मुंबई की करारी हारः** बुधवार शाम होने वाले मुंबई बनाम पंजाब

### इस सीजन की पहली जीत के लिए तरस रही है मुंबई इंडियंस

मुकाबले में पंजाब ने एक बड़ा टार्गेट सेट किया था। कप्तान मयंक अग्रवाल और शिखर धवन की लाजवाब साझेदारी के कारण पंजाब ने 198 रनों का विशालकाय लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए मुंबई की टीम 186 रन ही बना सकी। इस तरह मुंबई को पांचवी हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ एक–दूसरे से हाथ मिला रहे थे। तभी पंजाब के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कुछ ऐसा किया कि स्टेडियम में मौजूद तमाम खिलाड़ी और दर्शक हंसी नहीं रोक पाए।

**पैर छूने के लिए झुक गए रोड्स**

साउथ अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी और दुनिया के सबसे बेहतरीन फील्डर जॉन्टी रोड्स सचिन तेंदुलकर के पैर छूने के लिए झुक पड़े। सचिन तेंदुलकर ने तुरंत नीचे झुककर उनके हाथ पकड़ लिए। कुछ सेकंडों तक रोड्स उनके पैर छूने की कोशिश करते रहे मगर तेंदुलकर ने भी पैर छूने नहीं दिए। क्रिकेट की यही खूबसूरती है। जॉन्टी रोड्स की उम्र 52 साल है और सचिन तेंदुलकर 48 साल के हैं। हमारी ऐसी संस्कृति है कि बड़ा कभी छोटे के पैर नहीं छूता मगर क्रिकेट के धर्म में तो सचिन ही सबसे बड़े हैं और उनको तो क्रिकेट का भगवान तक कहा जाता है। जोंटी रोड्स लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के सपोर्ट स्टाफ में शामिल रहे थे।

## 2012 में पाक क्रिकेटर्स की पत्नी को भारत दौरे पर किस खास मकसद से भेजा गया था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने खुलासा किया है कि साल 2012 में पाकिस्तान के भारत के आखिरी द्विपक्षीय क्रिकेट दौरे के लिए पीसीबी ने पाकिस्तानी क्रिकेटर्स व उनकी पत्नियों को दिसंबर–जनवरी में भारत भेजा था। जका अशरफ उस वक्त पीसीबी अध्यक्ष थे और उनके मुताबिक किसी भी संभावित दुर्घटना से बचने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर नजर रखने का फैसला किया गया था। जका अशरफ ने पाकिस्तान क्रिकेट को बताया कि मेरे समय में जब हमारी टीम भारत के दौरे पर गई थी, मैंने सलाह दी थी कि खिलाड़ियों की पत्नियां भी उनके साथ होंगी। यह फैसला इसलिए लिया गया ताकि कोई विवाद न पैदा हो क्योंकि भारतीय मीडिया हमेशा इसकी तलाश में रहता है। पत्नियों को भेजने का मकसद खिलाड़ियों पर भी नजर रखना था। हालांकि सभी खिलाड़ियों ने इस योजना को अच्छे तरीके से लिया और भारत चले गए। इस दौरे के दौरान हर खिलाड़ी अनुशासित रहा।

## न्यूज डायरी



### कोच ने महिला ऑफिशल के साथ की शर्मनाक हरकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ब्राजील में एक फुटबॉल मैच के दौरान ऐसी घटना घटी, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। मैच के दौरान टीम के कोच ने न केवल महिला ऑफिशल्स के साथ बद्तमीजी की, बल्कि उनके मुंह पर सिर से वार भी किया। ब्राजील के दो क्लब डेसपोर्टिवो फेरोविआरिया बनाम नोवा वेनेसिया के बीच क्वॉर्टर फाइनल के दौरान यह घटना घटी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि रेफरी के किसी फैसले को लेकर दोनों टीमें आपस में झगड़ रही हैं। बीच–बचाव करने के लिए लाइंसवीमन मार्सिएली नेटो भी मैदान के बीच पहुंच जाती हैं। यह बात डेसपोर्टिवो के कोच राफेल सोरियानो को नागवार गुजरी। पहले तो वह महिला ऑफिशल के पास चिल्लाते हुए जाते हैं और फिर आपा खो देते हैं। वीडियो में दिख रहा है कि वह नेटो के मुंह पर अपने सिर से तेजी से वार करते हैं। इस बात से सभी हैरान रह जाते हैं। नेटो अपना मुंह पकड़ लेती हैं। इस मैच को नोवा ने 3–0 से अपने नाम किया।

### बाबर आजम–विराट कोहली, किसकी कवर ड्राइव है बेस्ट?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और पाकिस्तान कप्तान बाबर आजम के बीच हमेशा से ही तुलना की जाती रही है। विराट कोहली के कई बड़े रेकॉर्ड्स भी बाबर आजम ने ध्वस्त किया है। इसके अलावा हमेशा ये बहस का विषय रहा है कि दोनों खिलाड़ियों में सबसे बेहतर कवर ड्राइव कौन लगाता है। दुनिया के तमाम दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली को दुनिया का बेहतरीन बल्लेबाज और कवर ड्राइव स्पेशल खिलाड़ी मानते हैं मगर अब ये सवाल ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच के सामने आ गया। ट्विटर पर एक सवाल और जवाब सेशन में केकेआर के सलामी बल्लेबाज आरोन फिंच के सामने यही सवाल पूछा गया। केकेआर के एक फैन ने फिंच से पूछा कि सफेद बॉल क्रिकेट में दुनिया का बेस्ट कवर ड्राइव शॉट खेलने वाला खिलाड़ी आपकी नजर में कौन है ? फैन पहले तो कुछ सेकंड के लिए रुके और फिर उन्होंने मौजूदा वक्त के दो खिलाड़ियों का नाम लिया।

### इंग्लैंड की गेंदबाज अन्या श्रबसोल ने किया संन्यास का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की गेंदबाज अन्या श्रबसोल ने अपने 14 साल के क्रिकेटिंग करियर पर विराम लगाते हुए संन्यास का एलान कर दिया है। भारत के क्रिकेट फैंस के लिए ये नाम बेहद चुभने वाला है क्योंकि 2017 वर्ल्ड कप फाइनल में इन्होंने भारत के खिलाफ 6 विकेट लिए थे जिसकी बदौलत भारतीय टीम वर्ल्ड कप जीतने से चूक गई। उन्होंने उस मैच में 9.4 ओवर की गेंदबाजी में 46 रन देकर 6 विकेट झटके थे और भारत को 219 के स्कोर पर आलआउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मैच को इंग्लैंड ने 9 रन के मामूली अंतर से जीता था। उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर पर नजर डालें तो उन्होंने 173 मैचों में 227 विकेट लिए हैं। हालांकि वे घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ष्मैं पिछले 14 सालों से देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं।

### सहवाग ने सीएसके और मुंबई का उड़ाया मजाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2022 में लगातार चार हार के बाद सीएसके ने आरसीबी के खिलाफ वापसी की और अपना पांचवां मैच जीत लिया तो वहीं मुंबई की टीम अपनी लगातार हार को टालने में अब तक तो नाकाम रही है। मुंबई की टीम ने पांच मुकाबले गंवाए हैं और उसके अक भी अंक नहीं है। ये टीम आइपीएल अंक तालिका में दसवें स्थान पर मौजूद है तो वहीं एकमात्र जीत के साथ दो अंक लेकर चेन्नई की टीम नौवें स्थान पर है। इन दोनों टीमों की लगातार हार की जो सबसे बड़ी वजह रही है वो है उनकी अनुभवहीन गेंदबाजी जो क्लिक नहीं कर पा रही है।